संख्या-67/2015/712/एक-6-2015-51 (33)/77

प्रेषक,

डी0 के0 सिंह,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

आयुक्त एवं सचिव,
राजस्व परिषद,
उ0प्र0 लखनऊ ।

राजस्व अनुभाग- लखनऊ दिनांक 18 अगस्त 2015

विषय: राजस्व परिषद, उ0 प्र0, इलाहाबाद में न्यायिक कार्य हेतु सृजित 03 अस्थायी पदों की वित्तीय वर्ष 2015-16 की निरन्तरता के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-जी-19/एक-5 जी/07, दिनांक 16-06-2015 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 राजस्व परिषद इलाहाबाद में न्यायिक कार्यों हेतु सृजित निम्नलिखित 03 अस्थायी पदों की वित्तीय वर्ष 2015-16 (01 मार्च, 2015 से 28 फरवरी, 2016) की निरन्तरता की स्वीकृति जारी किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है, बशर्ते यह पद बिन पूर्व सूचना के इसके पहले ही समाप्त न कर दिये जाये। इन पदों की अन्तिम बार निरन्तरता शासनादेश संख्या- 1006/एक-6-2014-51(33)/77, दिनांक 20-01-2015 द्वारा प्रदान की गयी थी। इन पदों का विवरण निम्नवत है:-

क्रमांक	पदनाम	पदों की संख्या
1-	संयुक्त निबन्धक	01
2-	पुस्तकालयाध्यक्ष	01
3-	सहायक समीक्षा अधिकारी	01

http://shasanadesh.up.nic.in

2- इन पद धारकों को शासन द्वारा समय-समय पर स्वीकृत मंहगाई भत्ते व अन्य भत्ते, जो भी अनुमन्य हो, देय होंगे।

3- उक्त पदों पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-52 के लेखा शीर्षक-2052-सचिवालय सामान्य सेवायें-आयोजनेत्तर-099 -03 राजस्व परिषद के अन्तर्गत सुसंगत इकाईयों के नामे डाला जायेगा।

4- उक्त आदेश वित्त (लेखा) अनुभाग-2 के कार्यालय ज्ञाप संख्या- ए-2-2574/दस-98-24(8)/92, दिनांक 02 दिसम्बर, 1998 द्वारा प्रशासकीय विभागों को प्रतिनिधानित अधिकार के अधीन जारी किये जा रहे है।

भवदीय,

(डी0 के0 सिंह)
विशेष सचिव।

संख्या-712(1)/एक-6-2015 तद्दिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2- निबन्धक, राजस्व परिषद , इलाहाबाद।
3- वित्त (व्यय -नियंत्रण) अनुभाग-5
4- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(राम नारायण)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in